an>

Title : Regarding provision of stoppage in Chanod in between Daboi, Ekta Nagar and Chanod Broad Gauge New Railway Line.

श्रीमती गीताबेन वी. राठवा (छोटा उदयपुर): माननीय सभापति जी, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करती हूं ।

मेरे संसदीय क्षेत्र में चानोद धार्मिक स्थल है, मां नर्मदा नदी में त्रिवेणी संगम है । यहां पूरे भारत देश के लोग अस्थि विसर्जन और पितृ पूजा के लिए आते हैं । हर महीने अमावस्या में कुबेर भंडारी के दर्शन के लिए हजारों की संख्या में भक्त आते हैं, लेकिन भक्तों को आवागमन की समस्याओं का सामना करना पड़ता है ।

डबोई, एकता नगर वाया चानोद न्यू ब्रॉड गेज रेलवे लाइन मोदी जी के नेतृत्व में प्रारंभ कर दी गई है । मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि यदि डबोई, एकता नगर, चानोद ब्रॉड गेज न्यू रेलवे लाइन के बीच में चानोद में स्टॉपेज प्रदान कर दिया जाए तो समस्या का समाधान हो जाएगा । धन्यवाद ।

माननीय सभापति : दिया कुमारी जी - उपस्थित नहीं ।

श्रीमती संध्या राय